Title : Need to open a Kendriya Vidyalaya in Aurangabad district, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद, बिहार का एक पिछड़ा जिला है। जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां अच्छे स्तर की शिक्षा व्यवस्था नहीं है। औरंगाबाद शहर में केन्द्र सरकार के प्रतिÂष्ठानों जैसे रेलवे, बैंक, पोस्ट ऑफिस, दूर संचार विभाग, एन.टी.पी.सी में कार्यरत करीब 5000 परिवार निवास करते हैं। इसके साथ साथ यहां राज्य सरकार के अनेकों विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की संख्या भी काफी है। शिक्षा की बेहतर व्यवस्था नहीं होने के कारण इन विभागों में कार्यरत कर्मचारी औरंगाबाद में अपने पदस्थापन से घबराते हैं क्योंकि बच्चों की समुचित शिक्षा दीक्षा इनकी चिंता का विषÂय है। केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से इन कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी और अपने बच्चों के बेहतर भविÂष्य के लिए आश्वस्त हो सकेंगे। आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि औरंगाबाद में शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना को स्वीकृति दी जाये।